[29/12/2020] परिशिष्ट-1

डॉ. राहुल हरिदास फटिंग
I.A.S.
कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी

प्रश्न सं. [क्र. 537]

फोन नं. (का.) 07692-220444 (नि.) 220301
(फै.) 07692-220990 ई-मेल : dmseoni@nic.in
कार्यालय कलेक्टर, जिला-सिवनी (म.प्र.)

अर्द्ध शा.पत्र क्र. 4068 ....दिनांक 28.11.2020
E.E.W.R.D No1

विषय :- सिवनी जिले के तहसील सिवनी अन्तर्गत् लालमाटी क्षेत्र मे सिचाई की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

Respected Sir,

विषयांतर्गत सिवनी जिले के तहसील सिवनी अंतर्गत लालमाटी क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में कार्यालयीन पत्र क्र. 4350/व0लि0/2020 सिवनी दिनांक 17.07.2020 के माध्यम से प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल को लेख किया गया था । श्री दिनेश राय "मुनमुन" विधायक, विधानसभा क्षेत्र, सिवनी द्वारा भी लालमाटी क्षेत्र अंतर्गत् सिंचाई सुविधाओ का अत्यंत अभाव होने के कारण सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध मे लेख किया गया है, पत्र की छायाप्रति संलग्न है ।

लालमाटी क्षेत्र मे सिचांई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, संभाग क्र. 1, सिवनी द्वारा मोहगांव एवं बाम्हनदेही जलाशय प्रस्तावित किया गया है जिसकी सिंचाई क्षमता क्रमशः 110 हेक्टेयर एवं 120 हेक्टेयर अनुमानित है । उक्त जलाशयों की साध्यता विभागीय पोर्टल मे आनलाईन दर्ज की जा चुकी है एवं साध्यता स्वीकृति शासन से अपेक्षित हैं, पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

उक्तानुसार अनुरोध है कि लालमाटी क्षेत्र के कृषकों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने हेतु मोहगांव एवं बाम्हनदेही जलाशय की साध्यता स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें ।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार ।

With warm regards,

(डॉ. राहुल हरिदास फटिंग)

श्री एस.एन.मिश्रा,
अपर मुख्य सचिव,
म.प्र. शासन,
जल संसाधन विभाग,
भोपाल (म.प्र.)

पृष्ठा. क्रमांक /4069/ का.य./2020/ सिवनी, दिनाँक 28/11/2020
E.E.W.R.D.

प्रतिलिपि :—

1. प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग भोपाल की ओर कार्यालयीन पत्र क्रं. 4350/व0लि0/2020 सिवनी दिनांक 17.07.2020 के परिपेक्ष्य में सूचनार्थ।
2. कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रं. 1 सिवनी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कलेक्टर
सिवनी